कक्षा 6

पाठ योजना - 2

विषय - हिंदी

<u>प्रकरण</u> - नादान दोस्त (पाठ - ३)

Brief description of the lesson (पाठ का संक्षिप्त विवरण)केशव व श्यामा दोनों भाई-बहन थे।उनके घर के कार्निस पर चिड़िया ने अंडे दिए थे।गर्मियों के दिन थे। वे दोनों चिड़िया को आते जाते देखते तथा मग्न हो जाते।उन्हें अपने खाने पीने का ध्यान तक न रहता।उनके मन में कई सवाल उठते। अण्डों को देख कर उनके मन में उत्सुकता जागृत होती परन्तु माता-पिता के व्यस्त होने के कारण उन प्रश्नों के जवाब न मिल पाते।केशव तथा श्यामा ने मिल कर उन अण्डों से निकलने वाले बच्चों के संरक्षण के लिए बड़ी मेहनत से दाने-पानी तथा छाया की व्यवस्था की परन्तु चिड़िया ने उन अण्डों को छज्जे से नीचे गिराकर तोड़ दिया।दोनों बच्चों की माँ ने उन्हें बताया कि मनुष्यों द्वारा छू लिए जाने पर चिड़िया अण्डों को नहीं सेती।केशव तथा श्यामा यह सब जानकर अत्यधिक दुखी हुए।

KPI 1.2 कठिन शब्दों के अर्थ व शुद्ध उच्चारण करना सिखाना।

KPI 1.3 विषय वस्तु को बिंदुवार तथा क्रमबद्ध तरीके से सटीकता के साथ लिखना सिखाना।

<u>Objectives (उद्देश्य</u>)

Specific Objectives (*विषय विशिष्ट उद्देश्य)*

1. SO 2विज्ञापन विधा से परिचित कराना।
2. KPI 1 संवाद लेखन सिखाना।
3. SO 1सारगर्भित शब्दों में अपनी बात कहना सिखाना।
4. भाव ग्रहण क्षमता का विकास ।
5. KPI 1 भाषा की शुद्धता ।
6. शब्द भण्डार में वृद्धि।

Behavioural Objectives (*व्यावहारिक उद्देश्य)*

1. **BO1 (KPI 5)**बालकों में निरीह पशु पक्षियों के प्रति प्रेम,लगाव, दया, संवेदना आदि भाव जागृत करना।
2. **BO2 (KPI 4)** हिंदी भाषा के प्रति रूचि जागृत कराना।
3. कहानीकार प्रेमचंद का संक्षिप्त परिचय देना।
4. **BO2 (KPI 4)** अभिव्यक्ति हेतु आत्मविश्वास जागृत करना।

<u>शिक्षण गतिविधियां</u>

गतिविधि १(**KPI 1**) **Activity to assess learning** पाठ से परिचित करवाने के लिए बीच में से छोटे-छोटे प्रश्न पूछे जायेंगे। K- recognising ,APP executing उदाहरण-

प्र.१ केशव व शयामा ने क्या देखा?

प्र २. उनमें कैसे भाव जागे?

प्र ३. कौन-कौन अपने कार्यों में व्यस्त थे?

ASSESSMENT

*गतिविधि २ (***KPI 1) Activity to introduce learning** विज्ञापन निर्माण। गौरैया " बर्ड हाउस" (बॉक्स, रंगीन चित्र, विशेषताएं, पंच लाइन, स्थान, कीमत/ऑफर) K recognising , APP executing

गतिविधि ३. संवाद लेखन. कहानी के आधार पर केशव तथा शयामा के संवाद लिखिए।

गतिविधि ४. **Activity to support learning** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर हल करना सिखाना।

<u>Process of activity(शिक्षण अधिगम प्रक्रिया)</u>

सर्वप्रथम पाठ का सरल व संक्षिप्त परिचय देते हुए पाठ आरम्भ किया जायेगा।कक्षा के सभी बालकों के पठन कौशल को विकसित करने के लिए, क्रमानुसार पठन-पाठन करवाया जायेगा।स्वयं पढ़ते हुए कहानी में आये कठिन शब्दों के अर्थ समझाते हुए पाठ समझाया जायेगा। बालकों से पशु-पक्षियों से सम्बंधित उनके अनुभवों पर चर्चा की जाएगी।प्रश्नों पर चर्चा की जाएगी।अन्य गतिविधियां करवाई जाएँगी।

पाठ से सम्बंधित प्रश्न उत्तर-

प्र. १ केशव व श्यामा के मन में क्या सवाल उठते थे?

प्र. २ केशव और श्यामा ने अण्डों की रक्षा की या नादानी? अपने विचार स्पष्ट कीजिये।

<u>मूल्यांकन बिंदु</u>

- विषय से सम्बद्धता
- भाषा
- प्रवाह
- समग्र प्रवाह

<u>Digital content to be used (डिजिटल सामग्री)</u>विषय से सम्बंधित लिंक शेयर करना।

<u>Expected Learning Outcomes (अपेक्षित परिणाम)</u>

1. कहानी के माध्यम से बालकों में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम, दया, समझदारी से उनके उचित देखभाल के महत्व को जानेंगे।
2. नवीन शब्दों तथा अर्थ जानकार अपने शब्दों के भण्डार (शब्द-कोष) में वृद्धि कर पाएंगे।
3. मुंशी प्रेमचंद व उनकी रचनाओं को जान पाएंगे।
4. हिंदी के प्रति रुचि जागृत होगी।
5. विज्ञापन, संवाद विधाओं को जान पाएंगे।

	Placement of Objectives, Instructional activities and assessment **Topic - नादान दोस्त**		

	Knowledge	Understanding	Application	Analysis	Synthesis	Evaluation
Objectives	SO1,2 BO2		SO2,BO1,2			
Activities	Ac 2,3		Ac2			
Assessment			Ac3			